प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शुक्रवार दिनांक 11.09.2026

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सक्ती जिले के ग्राम जेठा में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं का किया शुभारंभ।

- प्रदेश के कॉलेजों में विद्यार्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि उन्नीस सितंबर तक बढ़ाई गई।

- महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के आठ लोगों की मौत।

- प्रदेष के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल बारह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

शिवराज चौहान—सक्ती

केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सक्ती जिले के ग्राम जेठा में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो लाख आवासों के गृहप्रवेश, पंचायत पदाधिकारियों के सम्मान और लखपति दीदी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक सौ इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सक्ती जिले में कृषि विज्ञान केंद्र और न्याय आवास की स्वीकृति सहित कई घोषणाएं भी कीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में अट्ठारह लाख से अधिक आवासों की स्वीकृति दी गई है और आज दो लाख आवासों का गृहप्रवेश कराया गया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रदेश को तीन लाख पैंसठ हजार से अधिक प्रधानमंत्री आवासों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल मुक्त हुए बस्तर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के लिए चल रहे सर्वे की समय–सीमा बढ़ाकर इकतीस अक्टूबर कर दी गई है।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में जनसुविधा से जुड़े विकास और निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत खामभाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल के कारण स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रणबीर शर्मा से फोन पर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निश्चित समयसीमा तय कर पुल का निर्माण पूरा कराने के साथ ही लेटलतीफी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब–तलब करने को कहा।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आमानारा गांव में पहाड़ी कोरवा परिवारों को राशन नहीं मिलने की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से फोन पर चर्चा कर प्रभावित पात्र परिवारों को तत्काल राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

'सेवा संकल्प अभियान'

'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रदेशभर की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सत्रह सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीप' प्रज्वलित किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से राशनकार्डधारियों और आम नागरिकों की जनभागीदारी के साथ सेवा, विश्वास और संकल्प की भावना को सशक्त किया जाएगा। खाद्य विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिले के खाद्य नियंत्रकों और खाद्य अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

विद्यार्थी–दोपहिया वाहन

प्रदेष में अट्ठारह वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर अब सख्ती की जाएगी। परिवहन विभाग ने प्रदेश के सभी विद्यालयों में विशेष जांच अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा है कि नाबालिगों का बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन के साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने रायपुर के सभी स्कूल और महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे विद्यार्थियों के अभिभावकों को नाबालिगों को दो–पहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए सूचित करें।

कॉलेज प्रवेश–तिथि

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त सीटों पर छात्र उन्नीस सितंबर तक प्रवेश ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त निर्धारित थी। कई छात्र–छात्राओं के आवेदन और सीटें रिक्त होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए तिथि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–दो हजार सत्ताईस में छत्तीसगढ़ के युवाओं को सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के 'माई भारत' पोर्टल पर पन्द्रह से उनतीस वर्ष के युवा तीस सितंबर तक 'विकसित भारत क्विज' में भाग ले सकते हैं। पहले चरण के तहत डिजिटल क्विज सत्रह अगस्त से तीस सितंबर तक आयोजित किए जा रहे हैं। माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत क्विज के बाद निबंध प्रतियोगिता, जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चयनित युवा जनवरी माह में नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय संवाद में केंद्रीय मंत्रियों और नीति विशेषज्ञों से संवाद करेंगे। क्षेत्रीय फाइनलिस्ट को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

दुर्घटना–मौत

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा लाखनी तहसील के मानेगांव और पिंपलगांव के बीच नागपुर–रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक तिरपन पर हुआ। जिसमें तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एक कार में सवार होकर ये सभी लोग रायपुर से नागपुर जा रहे थे। तभी पिंपलगांव के पास उनका वाहन ट्रक से टकरा गया। हादसे में घायल तीन अन्य लोगों को सकोली सब–डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच–पांच लाख रूपए तथा घायलों को पचास–पचास हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेष के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल बारह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से बैंक संबंधी प्रकरण, बिजली बिल, टेलीफोन बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक और वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण के साथ ही सिविल तथा अन्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा।

बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित साप्ताहिक कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित सारंगढ़–बिलाईगढ़ की शिक्षिका सुनीता यादव से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल बारह सितंबर को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म हनुमान अंश को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।

- सैनिक स्कूल अंबिकापुर के विद्यार्थियों ने आज राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में मुलाकात कर संवाद किया। इस दौरान बच्चों को लोकभवन का भ्रमण भी कराया गया।

- पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहित देशभर के बैंक कर्मचारी–अधिकारी आज एक दिवसीय हड़ताल पर रहे।

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मण्डल ने डी.एल.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष की पूरक अवसर परीक्षा की समय–सारिणी जारी कर दी है। प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सोलह नवंबर से दो दिसंबर और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं सत्रह नवंबर से तीस नवंबर तक होंगी।

- जांजगीर–चांपा जिले के देवरी पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी में नहाते समय तीन युवक डूब गए हैं। पंतोरा पुलिस और रेस्क्यू टीम युवकों की तलाश में जुटी है।

- गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के पहले निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

<><><><><><>